# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग-१—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर।)

---

शुक्रवार, तिथि 18 जुलाई, 1980 ई०।

---

### विषय-सूची


| | | | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर : | | ... | |
| अल्पसूचित प्रश्नोत्तर संख्या : | 26 एवं 27 | | 1—5 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या : | 16, 20, 627, 631, 632, 633, 634, 635, 636, 637, 638, 639, 640, 642, 643, 648, 655, 661, 679, 680, 682, एवं 690। | | 6—35 |
| परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) : | | ... | 36—41 |
| दैनिक निबन्ध | | ... | 43-44 |


---

टिप्पणी :—किन्हीं भी माननीय सदस्यों या मंत्रियों से उनके भाषणों के संशोधन प्राप्त नहीं हुए हैं।

हवाई अड्डा को पक्कीकरण करना।

690. श्री गौरी शंकर पाण्डेय—क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण के मुख्यालय बेतिया तथा पूर्वी चम्पारण के मोतीहारी हवाई अड्डा कच्ची जमीन पर होने के कारण हवाई जहाज वर्षों से नहीं उतरते हैं;

(2) यदि खण्ड 1 का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त हवाई अड्डा के पक्कीकरण करने का विचार रखती है यदि हां तो कब तक और नहीं तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग—मोतीहारी एवं बेतिया के हवाई अड्डा कच्चा है। बरसात के मौसम में ये वायुयान अड्डे विमान के उतरने योग्य नहीं रहते हैं। फरवरी, मार्च एवं अप्रील, 1980 में इन पर सरकारी विमान उतरे हैं।

(2) वर्त्तमान म इनके पक्कीकरण का प्रस्ताव नहीं है।

---